प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार– अभियान अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है और अब केवल पांच दिन ही शेष रह गए हैं। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केन्द्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के झंडूता मंडल, हमीरपुर व भोरंज मंडल में जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र जबकि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत मंडी संसदीय क्षेत्र में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगी। वहीं कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे।

चुनाव प्रचार–2

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज प्रदेश दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार आनंद शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी। इसके अलावा वह शाहपुर के चंबी में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। कल वह ऊना जिला के गगरेट और कुटलैहड़ में भी चुनावी जनसभाएं करेंगी। उनका हमीरपुर जिला के बड़सर में रोड शो का भी कार्यक्रम है। जबकि 29 मई को वे मंडी संसदीय में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभाएं करेंगी।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा आज नादौन विधानसभा क्षेत्र के गलोड़ खास, रैल, लाहड़ कोटलु और धनेटा में जनता से अपने पक्ष में वोट की अपील करेंगे। इन चुनावों के लिए 30 मई को खुलेआम चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा।

निलंबित

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने जिलाध्यक्ष लाहौल–स्पिति व मण्डल अध्यक्ष की संस्तुति पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर 6 पदाधिकारियों की सदस्यता को तुरंत प्रभाव से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। बिंदल ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की पार्टी विरोधी अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आग

कुल्लू जिला मुख्यालय के समीप कल शाम एक निजी रेस्तरां में आग लगने से एक युवती की दम घुटने से मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। मृतक की पहचान ममता निवासी बालीचौकी

के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल वाहन घटना स्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ है। राज्य के अनेक भागों में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। प्रदेश के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर बना हुआ है। ऊना का अधिकतम तापमान कल 44 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए ऊना प्रशासन ने आज और कल ज़िले के सभी सरकारी और निजी प्री–प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। आदेशों के मुताबिक जिन स्कूलों में इन दो दिनों में परीक्षाएं निर्धारित हैं वहां ये परीक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक आयोजित करने को कहा गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने राहुल गांधी की रैली से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है राहुल गांधी ने नाहन और ऊना में बोला प्रधानमंत्री पर हमला, पीएम को बताया भ्रष्टाचार का केंद्र बिंदु। दैनिक जागरण का शीर्षक है पांच जुलाई से हर महिलाओं के खाते में आएंगे 8 हजार 500 रूपए। अमर उजाला लिखता है मोदी ने 22 लोगों के करोड़ों माफ किए, नहीं दे सके हिमाचल को 9 हजार करोड़। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं संविधान को बदलने का सपना न देखें भाजपा, हम ऐसा नहीं होने देंगे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से दैनिक भास्कर ने सुर्खी दी है अग्निवीर फुल रोजगार गारंटी, कांग्रेस युवाओं के भविष्य से न खेले।

अग्निकांड से फोरेस्ट डिपार्टमेंट को लाखों का नुकसान शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है टौणी देवी में जंगल की आग से वन विभाग का रेस्ट हाउस राख।

मनाली के नेहरू कुड के समीप ब्यास नदी में बहे दो सैलानी संबंधी खबर भी अधिकांश समाचार पत्रों में प्रमुखता लिए हुए है।

आपका फैसला की एक खबर है ड्यूटी में कोताही बरतने पर कांस्टेबल सस्पेंड, 3 कर्मचारी किए लाईन हाजिर।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है सूर्यदेव ने बढ़ाई तपिश, ऊना में पारा हुआ 44 पार, अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। हिमाचल दस्तक का कहना है बिलासपुर–हमीरपुर और ऊना में चल रहीं गर्म हवाएं।